दैनिक जागरण inext
Bareilly, Sunday, 19 April 2026
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 12

PAGE NO : 09 TOP

17 रन से एसआर व 171 रन से जीता विद्या वर्ल्ड

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (18 April): एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन दो मुकाबले खेले गए. पहले मैच में एसआर इंटरनेशनल ने सेक्रेड हार्ट्स को 17 रन से हराया. टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एसआर ने चार विकेट पर 160 रन बनाए. अभिमन्यु श्रीवास्तव ने 33, शीर्ष ने 32 और अर्णव यादव ने 25 रन की उपयोगी पारी खेली. जवाब में सेक्रेड हार्ट्स की टीम नौ विकेट पर 143 रन ही बना सकी. जानसन ने 52 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके. पांशुल ने 12 रन बनाने के साथ छह विकेट लेकर मैन आफ द मैच का खिताब जीता. दूसरे मैच में विद्या वर्ल्ड स्कूल ने हरित पब्लिक स्कूल को 171 रन से करारी शिकस्त दी. पहले बल्लेबाजी करते हुए विद्या वर्ल्ड ने आठ विकेट पर 234 रन बनाए, जिसमें अभिमन्यु ने 46 और अभय सक्सेना ने 41 रन बनाए. लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरित पब्लिक स्कूल की टीम 63 रन पर सिमट गई. शिवांग मिश्रा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 20 रन देकर सात विकेट लिए और मैन आफ द मैच बने.